अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–56/2020/7206/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**प्रशांत कुमार सी.एच.,** भा०प्र०से०
निदेशक

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
पश्चिम चम्पारण।

पटना, दिनांकः 06/6/2025

**विषय :– योजना एवं विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में पूर्व से निर्मित बहुद्देशीय भवन के रंग रोगन एवं मरम्मति कराने के संबंध में।**

**प्रसंग :– आपका पत्रांक–96 दिनाक–21.02.2025।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत योजना एवं विकास विभाग द्वारा 13 ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित बहुद्देशीय भवन के रंग रोगन एवं मरम्मति कराने के संबंध में मार्गदर्शन की माँग की गई है।

उक्त के आलोक में विभाग स्तर पर सम्यक् विचारोपरांत निम्नवत् निदेश दिया जाता है:–

1. सर्वप्रथम जिला स्तर पर टीम गठित कर पुनः जाँच करा लिया जाये कि उन 13 भवनों में से वस्तुतः कितने भवनों से ग्राम पंचायत के कार्य/दायित्व संचालित किये जा रहे हैं एवं कितने भवन ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिये गये है। मात्र ऐसे भवनों को ही चिन्हित कर उनकी मरम्मत कराकर उन्हें अधिक उपयोगी बनायी जाये।
2. ग्राम पंचायतों को षष्ठम् राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में मरम्मति हेतु दी गई राशि का उपयोग इस उद्देश्य से किया जा सकता है।
3. जो भवन अक्रियाशील है, उन्हे LAEO द्वारा क्रियाशील बनाकर शीघ्र संबंधित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर देने हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

06/06

**(प्रशांत कुमार सी.एच.)**
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–56/2020/7206 पं०रा० पटना, दिनांक 06/6/2025**

प्रतिलिपिः– जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

06/06

**(प्रशांत कुमार सी.एच.)**
निदेशक

**ज्ञापांक– 2प/पं०स०भ०/09–56/2020/.........पं०रा० पटना, दिनांक....../....../2025**
प्रतिलिपिः– आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**(प्रशांत कुमार सी.एच.)**
निदेशक